Website:www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष - 21 अंक-210, जगदलपुर, बुधवार, 15 मई 2019 पृष्ठ- 8, मूल्य-₹ 2.00 • जगदलपुर • रायपुर • बिलासपुर से प्रकाशित

सेल सेल सेल

देवांगन बैग हाऊस

शहर की सबसे सस्ती दुकान

हाता ग्राउण्ड के सामने कपूर बेकरी के बगल में

जगदलपुर मो. 9424275800, 7566006605

एसी, एसी रॉयल, एसी सूट्स, एसी महाराजा सूट्स कमरा एवं रेस्टोरेंट सेवा उपलब्ध।

होटल आकांक्षा

रमैया वार्ड, जगदलपुर, जिला-बस्तर

फोन:-07782-222349,225335,225336

मो:-9399972805,8964911725,8718844080

रमजानुल मुबारक

15 मई आज नौवां रोजा,बुध

आज का इफ्तार संध्या 6.40 बजे

कल की सहरी सुबह 4.00 बजे

मो.शरीफ कुरैशी

कुरैशी अंडा विक्रेता, ऑल्ड नरेन्द्र टॉकिज रोड़, संजय बाजार, जगदलपुर, मो. 9981639318, 8103377769

हिंसा भड़काने के लिए बाहर से पैसे और लोगों को ला रही बीजेपी : ममता बनर्जी

कोलकाता,15 मई (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान से पहले पश्चिम बंगाल में माहौल गरमा गया है। मंगलवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के रोड शो के दौरान कोलकाता में जमकर बवाल हुआ। रोड शो में पत्थरबाजी और आगजनी के बाद बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच टीएमसी अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हिंसा भड़काने के लिए बीजेपी बाहर से पैसे और लोगों को ला रही है।

हवाला के जरिए बीजेपी पर पैसे पहुंचने का आरोप लगाते हुए ममता ने कहा, बीजेपी ने चुनाव आयोग के नाम पर राज्य के प्रशासन पर नियंत्रण कर लिया है। कोलकाता और बिधाननगर के पुलिस कमिश्नरों को बदलकर उन्होंने अपने लोग बैठाए हैं। अगर मेरे पुलिस कमिश्नर यहां तैनात रहते तो वे बीजेपी को करोड़ों रुपये की तस्करी करने से रोकते। मंगलवार को ममता बनर्जी ने कोलकाता और बिधाननगर के पुलिस कमिश्नरों को शहर में अवैध रूप से आ रहे पैसे को जब्त करने के लिए कार्रवाई के निर्देश दिए। ममता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों को लेकर आ रही गाड़ियों के जरिए बीजेपी के उम्मीदवारों को पैसे की सप्लाइ हो रही है। बीजेपी पर बंगाल में हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हुए ममता ने कहा, यहां तक कि मामूली बीजेपी नेता जिनके खिलाफ पुलिस में कई केस दर्ज हैं वे आठ ब्लैक कैट कमांडो लेकर घूम रहे हैं और पैसे पहुंचा रहे हैं।

टीएमसी के गुंडों ने सहानुभूति के लिए तोड़ी ईश्वर चंद विद्यासागर की प्रतिमा : अमित शाह

नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में जारी बवाल और रोड शो में हुई हिंसा के लिए बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने टीएमसी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कुछ तस्वीरें दिखाकर दावा किया कि रोड शो में हिंसा टीएमसी के लोगों ने की और टीएमसी के ही गुंडों ने ईश्वर चंद विद्यासागर की प्रतिमा भी तोड़ी। शाह ने बंगाल में टीएमसी के दिन खत्म होने का ऐलान करते हुए कहा कि बीजेपी बंगाल में क्लीन स्वीप करने जा रही है।

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि बंगाल में 6 चरणों में हिंसा हुई जबकि अन्य राज्यों में इस तरह से हिंसा नहीं हुई। उन्होंने कहा, बंगाल में 6 के 6 चरण में हिंसा हुई और इसका मतलब ही है कि हिंसा का कारण ही तृणमूल है बीजेपी नहीं। कल बीजेपी के रोड शो से 3 घंटे पहले ही जो पोस्टर बैनर लगाए थे, उसको हटाने का काम किया गया। पुलिस मूकदर्शक बनी रही। वहां पर हमारे कार्यकर्ताओं को उकसाने का काम किया गया। बीजेपी के पोस्टर उखाड़े गए। तृणमूल पर हमले का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि कल मैं सौभाग्य से ही सीआरपीएफ सुरक्षा के कारण बचकर निकला। उन्होंने कहा, रोड शो के अंदर अभूतपूर्व जनसमर्थन कोलकाता की जनता का मिला। कम से कम दो-ढाई लाख लोग 7 किलोमीटर के रोड शो में शामिल हुए। हमला एक नहीं था, 3 हमले हुए। तीसरे हमले में आगजनी पथराव और कैरोसिन बम से हमला किया गया। जितने भी पथराव करनेवाले लोग थे वो अंदर के थे हम रिसीवर ऐंड पर थे। मेरे रोड शो पर पथराव किया गया। बचाव करने के साधन करता हुआ मैं तस्वीरों में स्पष्ट दिख रहा हूं। बीजेपी अध्यक्ष ने टीएमसी के ईश्वर चंद विद्यासागर की प्रतिमा को तोड़ने के आरोप का खंडन किया। उन्होंने टीएमसी पर प्रतिमा तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा, हम तो रोड के बाहर थे, गेट लगा था तो अंदर जाकर किसने पथराव किया हम तो बाहर थे। गेट अगर टूटा नहीं है तो कॉलेज के अंदर की प्रतिमा को किसने तोड़ा। सहानुभूति पाने के लिए के लिए ममता बनर्जी के कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा तोड़ी।

ब्रेकिंग न्यूज

नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगी पोकलेन को किया आग के हवाले

गया, 15 मई (एजेंसी)। माओवादियों का उत्पात लगातार जारी है। इसी कड़ी में कल देर रात माओवादी ने बाराचट्टी बिहार में सड़क निर्माण कार्य में लगी एक पोकलेन मशीन को आग लगा के हवाले कर दिया। ज्ञात हो कि सुरक्षा बलों द्वारा लगातार नक्सल ऑपरेशन किया जा रहा है। जिससे बहुत अधिक संख्या में नक्सली मुख्यधारा से जुड़ने के लिए आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं। जिसके चलते माओवादियों में शासन के प्रति रोष दिखाई दे रहा है। जिसके परिणाम स्वरुप नक्सली अपना गुस्सा कुछ जनहानि कर निकाल रहे हैं। ज्ञात हो कि कल छत्तीसगढ़ के कोयलीबेड़ा के आलपरस के जंगल में मुठभेड़ के बाद आठ लाख रूपए की इनामी महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। महिला नक्सली कमांडर फूलो बाई उर्फ महरी नेता उप कमांडर थी। जिसकी तलाश पुलिस कुछ समय से कर रही थी।

कंफ्यूज थे मुस्लिम, कांग्रेस को दिए वोट: गौतम

नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसी)। आम चुनाव के तहत दिल्ली की सातों सीटों पश्चिमी दिल्ली, उत्तरी पूर्वी दिल्ली, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली और चांदनी चौक पर 12 मई को मतदान हो चुका है, लेकिन सभी दलों ने मतदान को लेकर अपना-अपना आंकलन शुरू कर दिया है। इस बीच दिल्ली सरकार के मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता राजेंद्र पाल गौतम ने कहा है कि पहले दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर आप को जीत मिलने की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन मुस्लिम वोटर ने कंफ्यूजन में वोट डाला, जिसके चलते कुछ वोटर कांग्रेस की तरफ शिफ्ट हुए हैं। इसके अलावा वोटिंग से दो रात पहले गरीब वोटरों को पैसे बांटे गए, जिसके चलते भी वोट ट्रांसफर हुए हैं। राजेंद्र पाल गौतम उत्तरी-पूर्वी दिल्ली की सीमापुरी विधानसभा से विधायक भी हैं।

ब्रिटेन में छात्र की हत्या के मामले में भारतीय मूल के व्यक्ति को उम्रकैद

लंदन, 15 मई (एजेंसी)। ब्रिटेन में भारतीय मूल के एक व्यक्ति और उसके साथी को 22 साल के एक छात्र की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। डूग को लेकर हुए विवाद में दोनों ने पिछले साल 11 अक्टूबर को कार से जा रहे छात्र की नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी थी। लंदन की अदालत ने 28 साल के जसकिरन सिद्धू और 26 साल के फिलिप बाबट्टे फाशीकन को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए कहा कि कम से कम 30 साल बाद उनके पैरोल पर विचार किया जाएगा। जज ने कहा कि दोनों ने हाशिम अब्दल अली की बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों फिल्म देखने चले गए। पिछले हफ्ते अदालत ने दोनों को हत्या का दोषी ठहराया था। अदालत ने कहा कि इस सजा से अली के परिजनों को कुछ राहत मिलेगी।

बीजेपी छोड़ने के मेरे फैसले पर रो पड़े थे आडवाणी: शत्रुघन सिन्हा

नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसी)। बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो चुके शत्रुघ्न सिन्हा ने एक नया खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी छोड़ने के मेरे फैसले पर आडवाणी जी की आंखों में आंसू आ गए थे। हालांकि, उन्होंने यह कदम उठाने से मुझे नहीं रोका। शत्रुघ्न सिन्हा का कहना है कि नई राजनीतिक पारी शुरू करने से पहले मैंने आडवाणी जी की आशीर्वाद लिया था। उन्होंने मुझे शुभकामनाएं दीं, लेकिन वह भावुक हो गए थे।

वाजपेयी जी और आज के समय में काफी फर्क? एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, ''अटल बिहारी वाजपेयी जी और आज के समय में जमीन-आसमान का फर्क आ गया है।

मोदी के भाई प्रहलाद मोदी पुलिस एस्कार्ट नहीं मिलने पर हुए नाराज, पुलिस थाने के बाहर ही बैठे धरने पर

जयपुर, 15 मई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद मोदी मंगलवार को पुलिस द्वारा एस्कार्ट मुहैया नहीं कराए जाने से नाराज होकर जयपुर के बगरू थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। हालांकि, लगभग एक घंटे बाद वह अपनी यात्रा पर आगे रवाना हो गए। मोदी जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बगरू पुलिस थाने के सामने धरने पर बैठे. उनका कहना था कि पुलिस उन्हें एस्कार्ट नहीं दे रही।

जयपुर के पुलिस आयुक्त आनंद श्रीवास्तव ने बताया, मोदी सड़क मार्ग से जयपुर आ रहे थे। वे एस्कार्ट की मांग कर रहे थे जिसके लिए वह पात्र नहीं हैं। हमारे पास उनको दो पीएसओ उपलब्ध कराने के आदेश थे जो पहले से ही बगरू थाने में मौजूद थे ताकि उनके साथ आगे जा सकें, लेकिन मोदी उन्हें अपने वाहन में ले जाने को तैयार नहीं थे और अलग पुलिस वाहन की मांग कर रहे थे।

मुझसे जबरन माफीनामे पर साइन कराया:प्रियंका

कोलकाता, 15 मई (एजेंसी)। ममता बनर्जी का मीम शेयर करने के कारण जेल में 5 दिन बिताने के बाद प्रियंका शर्मा आखिरकार जेल से रिहा हो गईं। उन्होंने बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मैंने कुछ गलत नहीं किया और अपना संघर्ष जारी रखूंगी। प्रियंका ने आरोप लगाया कि जबरन उनसे पुलिस ने माफीनामे पर साइन कराया। उन्होंने कहा, मैंने कई बार कहा कि मुझे मेरे वकील और परिवार से बात करने दिया जाए। इसके बाद भी मुझसे पुलिस ने जबरन माफीनामे पर साइन करवाए। मैं पीछे नहीं हटूंगी और इसके खिलाफ लड़ाई करते रहूंगी।

प्रियंका से जब कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने लिखित माफी मांगने का आदेश दिया है तो उन्होंने कहा कि मैं कोर्ट के आदेश की अवहेलना नहीं करूंगी, लेकिन अपना केस जरूर लड़ूंगी। उन्होंने कहा, मुझे कोई अफसोस नहीं है और मैंने ऐसा कुछ नहीं किया कि माफी मांगनी पड़े। जुलाई में मेरे मामले की सुनवाई होगी और मैं अपना पक्ष रखूंगी।

रविंद्र चौबे की सेहत में तेजी से सुधार, वॉक करते आए नजर

रायपुर, 15 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रविंद्र चौबे की तबियत में तेजी से सुधार हो रहा है। यूपी दौरे के दौरान दिल का दौरा पड़ने के बाद से लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में उनका इलाज जारी है। अस्पताल के अंदर वॉक करते हुए उनका एक वीडियो सीएम बघेल ने शेयर किया है। सीएम बघेल ने चौबे का वीडियो शेयर कर उन्हें जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दी है। बड़े भैया रविंद्र चौबे जी के स्वास्थ्य में आशातीत सुधार हुआ है। उन्हें इस तरह चहलकदमी करते देखना दिल को सुकून पहुंचाता है। उम्मीद है कि वे जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे।

टीचर ने छात्रा को लगवाए 168 थप्पड़

झबुआ, 15 मई (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के झबुआ में एक स्कूल टीचर को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। टीचर पर आरोप है कि उसने क्लास में एक छात्रा को सहपाठियों से 168 थप्पड़ लगवाए। बच्ची का कसूर इतना था कि वह होमवर्क पूरा करके नहीं आई थी। घटना की जांच के बाद पुलिस ने पांच महीने बाद कार्रवाई की है।

60 साल में पहली बार वोट मांगने गया कोई पीएम

रतलाम, 15 मई (एजेंसी)। मध्य प्रदेश की रतलाम लोकसभा सीट आदिवासी बहुल इलाका है। विकास के मामले में यह इलाका काफी पिछड़ा हुआ है। मध्य प्रदेश और गुजरात की सीमा पर स्थित रतलाम लोकसभा क्षेत्र के कई गांव साल 2001 से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। यही वजह है कि यहां कपास और मक्का की पारंपरिक खेती पूरी तरह से तबाह हो गई है। बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हो रहे हैं। हैरानी की बात ये है कि राजनैतिक पार्टियों के लिए यह कोई मुद्दा नहीं है। इतना ही नहीं राजनैतिक पार्टियों के लोग चुनाव प्रचार के लिए इन गांवों में जाते तक नहीं हैं। विस्थापन के बाद यहां के लोग गुजरात की पत्थर काटने वाली यूनिट्स में काम करने को मजबूर हैं। लेकिन यहां पत्थर काटने के दौरान उड़ने वाली धूल के चलते यहां लोग बड़ी संख्या में सांस से संबंधी बीमारी सिलीकोसिस के शिकार हो गए हैं।

अजजा वर्ग के हित में न्यायोचित कार्रवाई करने का निर्णय

बनाई जाएगी समयबद्ध कार्ययोजना

रायपुर, 15 मई (हाईवे चैनल)। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के रहवासियों के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों की समीक्षा न्यायमूर्ति ए.के.पटनायक उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली की अध्यक्षता में समिति द्वारा किया गया।

समिति द्वारा बस्तर-रेंज के 07 जिलों तथा जिला राजनांदगांव को मिलाकर कुल 8 नक्सल प्रभावित जिलों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के रहवासियों के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की गई, साथ ही प्रकरणों में न्यायालयीन कार्यवाही की स्थिति संबंधी जानकारी का भी आवलोकन किया गया।

समिति द्वारा प्रत्येक प्रकरणों की उसके गुणदोषों के आधार पर समीक्षा कर संबंधित अनुसूचित जनजाति वर्ग के हित में न्यायोचित कार्यवाही

सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ए.के.पटनायक की अध्यक्षता में गठित समिति ने की समीक्षा

समयबद्ध कार्य योजना के तहत करने का निर्णय लिया गया, साथ ही नक्सल घटना से संबंधित प्रकरणों में कार्यवाही हेतु पुलिस उप महानिरीक्षक सुंदरराज पी. भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओं एवं स्थानीय विशेष अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में कार्यवाही हेतु पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव शुक्ला आबकारी अधिनियम से संबंधित प्रकरणों में कार्यवाही हेतु सचिव-आयुक्त, आबकारी विभाग तथा आवश्यक समन्वय हेतु सचिव आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर महाधिवक्ता छ.ग. कनक तिवारी पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी सहित पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

देशहित और जनहित में मैं फिट, मोदी हैं अनफिट: मायावती

लखनऊ, 15 मई (एजेंसी)। बीएसपी सुप्रीमो मायावती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच इन दिनों बहसबाजी तीखी हो गई है। इससे यह साफ नजर आ रहा है कि मायावती खुद को प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में प्रोजेक्ट कर रही हैं। इसका अंदाजा पीएम मोदी और उनके बीच इन दिनों चल रही बहसबाजी में भी नजर आता है। यूपी की चुनावी रैलियों में मायावती और गठबंधन पर हमला बोलते हैं तो बीएसपी चीफ भी उन पर पलटवार करने से पीछे नहीं हटतीं।

पीएम मोदी के बेनामी संपत्ति के आरोप के जवाब पर मायावती ने कहा कि सबसे ज्यादा बेनामी संपत्ति वाले लोग बीजेपी से जुड़े हैं। इनका हिसाब-किताब कालीन के अंदर छिपा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जनहित और देशहित के मामले में बीएसपी अध्यक्ष फिट हैं और इसकी तुलना में मोदी अनफिट हैं। राष्ट्रीय स्तर पर खुद को पेश करने की कोशिश में जुटी मायावती इन दिनों खुलकर पीएम मोदी पर निशाना साध रही हैं। मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पीएम मोदी शालीनताओं को पार कर चुके हैं, वह बीएसपी को बहनजी की संपत्ति पार्टी कहने में घबराते नहीं हैं।